Title Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-75 | सागवाड़ा, सोमवार, 28 नवम्बर, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## यात्रा रोकने की धमकी देने वाले विजय बैंसला और गुर्जर नेताओं के साथ आज सचिवालय में बैठक

## राहुल के आने से पहले गुर्जरों को शांत करेगी सरकार



**जयपुर।** भारत जोड़ो यात्रा को राजस्थान में घुसने नहीं देने की गुर्जर नेता विजय बैंसला की धमकी का असर दिखने लगा है। राहुल गांधी की यात्रा का राजस्थान में आने का समय जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, सरकार में हलचल तेज हो गई है। यात्रा को राजस्थान में घुसने नहीं देने की धमकी देने वाले गुर्जर नेता विजय बैंसला को सरकार ने सोमवार को बातचीत के लिए सचिवालय बुलाया है। सरकार चाहती है कि यात्रा आने से पहले गुर्जरों से 2019 और 2020 में हुए समझौतों के बकाया बिंदुओं पर निर्णय हो जाए। सोमवार को सुबह 10 बजे सचिवालय में होने वाली बैठक में विजय बैंसला सहित एमबीसी वर्ग के 17 नेता मौजूद रहेंगे। सरकार की तरफ से इस बैठक में शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव, खेल व युवा राज्य मंत्री अशोक चांदना और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिंदर अवाना गुर्जर नेताओं से बातचीत के लिए अधिकृत किए गए हैं। ये चारों नेता गुर्जरों से बातचीत करके यात्रा का विरोध नहीं करने के लिए मनाएंगे।

गुर्जरों की तरफ से मुख्य मांग है कि सरकार ने जो 2019 और 2020 में समाज के साथ समझौते किए थे, उनको अक्षरश: लागू किया जाए।

समझौते के कई बिंदुओं पर अभी भी कार्रवाई होनी बाकी है। इनमें से मुख्य रूप से आंदोलन के दौरान गुर्जरों पर दर्ज हुए केसों के निस्तारण के साथ-साथ देवनारायण योजना में बच्चों की रुकी हुई छात्रवृत्ति जारी करने, अलग-अलग भर्तियों में 233 और 372 युवाओं को नौकरी देने, प्रक्रियाधीन भर्तियों और बैकलॉग को पूरा करने संबंधी मांगे शामिल हैं। सोमवार को होने वाली बैठक में विजय बैंसला के अलावा भूरा भगत, एडवोकेट हनुमान गुर्जर, एडवोकेट वीरेंद्र धाभाई, सुवालाल गुर्जर, वेदप्रकाश, अमराराम देवासी, रामराज भोपर, पिंटू गोटन, इंद्रजीत गुर्जर, लोकेंद्र चावड़ी, महावीर रलावाता, हनुमान सिराधना समेत एमबीसी वर्ग के 17 नेता शामिल होंगे।

# DHSS हुमड़पुरम का विज्ञान मेला सागवाडा में संपन्न हुआ





**सागवाडा।** श्री 18000 दशा हुमड़ दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष दिनेश खोड़निया के नेतृत्व में दशा हुमड़ शिक्षण संस्थान का इस सत्र के विज्ञान मेले का दूसरा चरण रविवार को जैन बोर्डिंग सागवाडा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका सागवाडा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया थे। अध्यक्षता तहसीलदार रमेश चंद्र वडेरा ने की जबकि विशिष्ट अतिथि महेश सेठ सागवाड़ा, महा सचिव दशा हुमड़ जैन समाज अशोक दोसी, अध्यक्ष महिला महासभा साधना कोठारी, पवन गोवाडीया व कीर्ति कुमार सर्राफ रहे। अतिथियों का स्वागत प्रिंसिपल अरुण कुमार, शिक्षक प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन एवं उपाध्यक्ष नीलेश कुमार संघवी ने किया।

विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने 10 मॉडल प्रस्तुत किए, जिसमें हेलीकॉप्टर निर्माण, बैंक से बैंक में पैसा ट्रांसफर होना, सेटेलाइट से द्वारा इंटरनेट नेटवर्किंग, चिनाब रेलवे ब्रिज, सी वाटर ग्रीन हाउस, न्यूक्लियर पावर जनरेटर, पीएसएलवी एवम सेंट्रल विस्ता सहित कई आधुनिक मॉडल प्रस्तुत किए।

डीएचएसएस के कुल 130 बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। साथ ही सामाजिक विज्ञान में पहली बार मॉडल के रूप में मॉक पार्लियामेंट का प्रदर्शन किया गया। जिसमें संसद में किस तरह से प्रश्न उत्तर किए जाते हैं और बिल पास होने की पूरी प्रक्रिया के साथ एजुकेशन यूनीफॉर्मिटी बिल पास करने की पूरी प्रक्रिया का मंचन करके दिखाया गया।

इस अवसर पर सागवाडा समाज के ट्रस्टी संतोष खोडनिया, रिनेश कोठारी, अश्विन बोबड़ा, दिनेश मेहता, राजेन्द्र पंचोरी, उपाचार्य जयेश सोनी, शिक्षण प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष मितेश शाह, नीरज संघवी, कपिल पंचोरी, सुशील पंचोरी, दीपक सारगिया, विनय सेठ, सभी पूर्व ट्रस्टी, गलियाकोट जैन समाज अध्यक्ष गजेंद्र जैन, चितरी जैन समाज अध्यक्ष देवेन्द्र शाह, भीलूड़ा से हितेश जैन,रेखा पंचोरी, सुषमा कोठारी, संगीता जैन, ममता संघवी, डी एच एस एस स्टॉफ मौजूद रहे।

## शराब से भरे डम्पर ने तोड़ी धम्बोला पुलिस की नाकेबंदी

### गुजरात में पकड़ा गया, 276 कार्टन शराब बरामद, ड्राइवर गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में राजस्थान-गुजरात के सरथुना बॉर्डर पर शनिवार रात एक डम्पर पुलिस की नाकेबंदी तोड़कर फरार हो गया। बाद में धम्बोला पुलिस की सूचना पर गुजरात के बाकोर थाना पुलिस ने डम्पर को जब्त कर लिया। डम्पर में अवैध शराब के 276 कार्टन भरे हुए थे, जिन्हें गुजरात की बाकोर थाना पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं, डम्पर ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया है। डम्पर में भरी शराब गुजरात चुनावों में बांटी जाने वाली थी।धम्बोला थानाधिकारी हजारी लाल मीणा ने बताया की गुजरात चुनाव के मद्देनजर धम्बोला थाने की सरथुना पुलिस चौकी की ओर से शनिवार रात को राजस्थान-गुजरात के सरथुना बॉर्डर पर नाकेबंदी की हुई थी।

इस दौरान सीमलवाड़ा की तरफ से आ रहे एक डम्पर को रुकने का ईशारा किया। डम्पर ड्राइवर रुका नहीं और पुलिस की नाकेबंदी तोड़कर फरार हो गया। इसके बाद सरथुना पुलिस चौकी के स्टाफ ने गुजरात के बाकोर थाना पुलिस को डम्पर द्वारा नाकेबंदी तोड़कर फरार होने की सूचना दी, जिस पर गुजरात की बाकोर थाना पुलिस ने गुजरात में नाकेबंदी की। इस दौरान डम्पर ड्राइवर गुजरात की बाकोर थाना पुलिस की नाकेबन्दी में पकड़ा गया। बाकोर थाना पुलिस ने डम्पर की तलाशी ली तो डम्पर में अवैध शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने डम्पर को जब्त कर नागोर निवासी डम्पर ड्राइवर मूलाराम पुत्र भंवरसिंह जाट को गिरफ्तार किया है। बाकोर थाना पुलिस ने डम्पर से अवैध शराब के 276 कार्टन जब्त किए हैं। गुजरात में विधानसभा चुनाव हैं। जब्त शराब के चुनाव में बांटे जाने की सम्भावना जताई जा रही है। फिलहाल गुजरात की बाकोर थाना पुलिस गिरफ्तार डम्पर ड्राइवर से पूछताछ कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट ट्रेनिंग सोसायटी के लिए 32 नवीन पदों का सृजन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के संचालन हेतु नवगठित पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग सोसायटी में 32 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

प्रस्ताव के अनुसार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, संयुक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक/ सहायक निदेशक, उपनिदेशक, उपनिदेशक/ सहायक निदेशक, उपनिदेशक/ सहायक निदेशक, उपनिदेशक/ सहायक निदेशक, निजी सहायक, वरिष्ठ सहायक का एक-एक पद, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-द्वितीय, कनिष्ठ लेखाकार के दो-दो पद, कनिष्ठ सहायक के 5 पद, सूचना सहायक के 6 पद तथा सहायक कर्मचारी के 7 पदों सहित कुल 32 नवीन पदों का सृजन किया जाएगा। गहलोत के इस निर्णय से सोसायटी का सुचारू संचालन हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि उक्त सभी पदों को प्रतिनियुक्ति, सेवानिवृत्त कार्मिकों अथवा संविदा के माध्यम से भरा जाएगा। सोसायटी के उद्देश्यों में वित्त विभाग एवं अन्य संबंधित हितधारकों के लिए प्रशिक्षण एवं क्षमता बढ़ाना, इंस्टीट्यूट के आधारभूत ढांचे का रख-रखाव एवं विकास करना, विभिन्न विषयों पर बाहरी संस्थानों व संगठनों के साथ साझेदारी स्थापित करना शामिल हैं।

## आलाकमान राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन नहीं करें, पंजाब जैसी हालत होगी: परसादी लाल मीणा



**जयपुर।** सचिन पायलट को गद्दार कहने के बाद गहलोत और पायलट कैंप में जमकर बयानबाजी जारी है। अब स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि सचिन पायलट को 35 दिन मानेसर जाने को लेकर सफाई देनी चाहिए। फिर उनकी बात जनता के गले उतरती है या नहीं देखने वाली बात होगी। मंत्री परसादी लाल मीणा ने दौसा में मीडिया से बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने बयान दिया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जो कहा है, वह सही कहा है। यदि 102 विधायक नहीं होते तो हमारी सरकार गिर चुकी होती। इसके साथ ही परसादी लाल मीणा ने कहा कि सीएम गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार रिपीट हो सकती है। कांग्रेस आलाकमान को नेतृत्व में बदलाव नहीं करना चाहिए वरना राजस्थान में भी पंजाब जैसी स्थिति हो जाएगी। दूसरी ओर राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा से पहले पायलट कैंप अपनी मांग को लेकर मुखर हो गया है। पायलट गुट के मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा था कि सचिन पायलट को जिम्मेदारी नहीं दी गई तो कांग्रेस को बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने कहा था कि कहा कि पायलट ने विपक्ष में रहते हुए पार्टी को फिर से जीवित किया। उन्हें जिम्मेदारी देनी चाहिए। मैं मंत्री पद छोड़ने को तैयार हूं। मैं जगह नहीं खाली करुंगा तो युवाओं को कैसे मौका मिलेगा।

# 15 हजार कलश के साथ धार्मिक आयोजन का आगाज

* संत मावजी के लगे जयकारे, श्रीराधाकृष्ण मंदिर स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव
* घाट पर 11 हजार दीपकों के साथ माही (नदी) माता की पूजा हुई, रात में भगवान के दरबार में रासलीला व भजन





**साबला।** संत मावजी महाराज के बेणेश्वर धाम पर रविवार को छह दिवसीय श्रीराधा कृष्ण मंदिर स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव का रविवार को शंखनाद हुआ। साथ ही 1008 कुंडीय विष्णु महायाग कार्यक्रम की भी शुरुआत हुई। पहले दिन ड्रोन से यहां पर पुष्पवर्षा भी कराई गई। इसके बाद संत मावजी महाराज के जयकारे लगाती हुई करीब 15 हजार महिलाएं तीन किलोमीटर की कलश यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा का आगाज संत मावजी राउमावि स्कूल परिसर से हुआ।जलाभिषेक के बाद शुद्धिकरण, दीप प्रज्जवलन जैसे आयोजन भक्तों में उत्साह भरते दिखाई दिए। सभी 36 कोम की ओर से यहां मावभक्तों में आयोजन को लेकर जोश दिखा। गादी के महंत अच्युतानंद महाराज ने साबला मंदिर से बेणेश्वर धाम तक भगवान की प्रतिमा लेकर आयोजन की अगुवाई की।

### छह दिन के धार्मिक आयोजन होगा खास

- 1008 कुंडीय अतिविष्णुयाग हवन होगा
- 1100 पंडित कराएंगे धार्मिक आयोजन
- 1100 ही यजमान होंगे शामिल
- 125 क्विंटल हवन सामग्री से उठेगा धुआं
- हवन में 7 हजार 825 किलो देसी घी का होगा उपयोग

### आज से ये आयोजन होंगे

- सोमवार रात को गरबा रास होगा।
- गुजरात की आशा वैष्णव इसकी अगुवाई करेंगी।
- मंगलवार रात को अमोल निसाल (पुणे) की ओर से भजन संध्या होगी।
- बुधवार को बेणेश्वर पर सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी। इसमें स्थानीय आदिवासी संस्कृति की झलक मिलेगी।
- गुरुवार को धाम पर खास तरह की आतिशबाजी होगी। वहीं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवि कुमार विश्वास की उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा धार के जानी बैरागी, इंदौर की डॉ. भुवन मोहनी, मुंबई से सुनील व्यास, प्रतापगढ़ से पार्थ नवीन की भी शिरकत रहेगी।

### ये भी रहेगा खास

मंदिर प्रतिष्ठा के साथ भगवान विष्णु के दस अवतार से जुड़ी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा होगी। शनिवार को सांसद कनकमल कटारा ने परिवार के साथ यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान हनुमान की प्रतिमा स्थापित की।



## राज्य सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के लिए निरन्तर कार्य कर रही है:टीकाराम जूली



**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार बालिका शिक्षा को विशेष तरजीह देते हुए प्रदेश में निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

मंत्री जूली रविवार को अलवर जिले के प्रताप ऑडिटोरियम में मेवात शिक्षा पंचायत एवं राजस्थान राइजिंग के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अल्पसंख्यक समाज की प्रतिभावान बालिकाओं व उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेवात में किशोर बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर राज्य सरकार विशेष फोकस करते हुए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने मेवात में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही ये संस्थाएं निश्चित तौर पर बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मेवात की बालिकाओं के लिए मेवात आवासीय विद्यालय वरदान साबित हो रहे हैं जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति व बीपीएल वर्ग की बालिकाऐं अध्ययनरत हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किल डवलपमेंट, विषम परिस्थितियों का सामना करने के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रतिवर्ष किशोरी शैक्षणिक मेले आयोजित कर समाज में बालिकाओं की स्थिति को मजबूत एवं उनके बौद्धिक संवर्धन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महिलाओं व बालिकाओं के सर्वांगीण उत्थान के लिए इन्दिरा महिला शक्ति उड़ान योजना, उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं नि:शुल्क आरएससीआईटी कंप्यूटर कोर्स जैसी अहम सौगातें दी है। वहीं मुख्यमंत्री राजश्री योजना के माध्यम से बालिकाओं को 6 किस्तों में 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में संस्था द्वारा 110 बालिकाओं को 11 लाख रुपये की राशि के चेक सौंपे गए।